an>

Title: Need to provide stoppage to various trains at Barabanki, railway station in Uttar Pradesh.

श्रीमती प्रियंका सिंह रावत (बाराबंकी) : सभापति महोदय, मैं आपकी आभारी हूं कि आपने मुझे बोलने का मौका दिया।

महोदय, मेरा संसदीय क्षेत्र बाराबंकी कृषि प्रधान क्षेत्र है, लेकिन बाढ़ प्रभावित क्षेत्र होने के कारण सामान्य जनता को जिला मुख्यालय आने-जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, जिससे उद्योगों का विस्तार नहीं हो पा रहा है। इस क्षेत्र में दो धार्मिक स्थल हैं, पहला-देवाशरीफ़, दूसरा-हेतमापुर। जहां काफी बड़ी संख्या में दूर-दूर से श्रद्धालु आते हैं। यदि बारांबकी जंक्शन से देवा-फ़तेहपुर होते हुए, सूरतगंज तक रेल मार्ग मुख्यालय से जोड़ दिया जाता है तो इस क्षेत्र का काफी तेजी से विकास होगा और नये-नये उद्योग भी विकसित होंगे। बाराबंकी क्षेत्र में लखनऊ, फैजाबाद एवं गोरखपुर दिशा की ओर से कई महत्वपूर्ण रेलगाड़ियों का आवागमन होता है। बाराबंकी नगर दोनों दिशाओं के लिए महत्वपूर्ण कड़ी का काम करता है। परन्तु कई महत्वपूर्ण रेलगाड़ियों का ठहराव बाराबंकी जंक्शन पर न होने के कारण यहां के यात्रियों को काफी असुविधा होती है, जिसमें से मुख्य रेलगाड़ियां हैं मऊ एक्सप्रेस, कांतिगू एक्सप्रेस, गरीब रथ एक्सप्रेस, दिल्ली-फैजाबाद एक्सप्रेस, लोहित एक्सप्रेस, अमरनाथ एक्सप्रेस, डिब्रू एक्सप्रेस।

मेरा सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि इन महत्वपूर्ण रेल मार्गों को अपनी प्राथमिकता में सम्मिलित करें। धन्यवाद।